भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1365
गुरूवार, 14 दिसंबर, 2023/23 अग्रहायण, 1945 (शक)

बेरोजगार स्नातकों की संख्या

1365. श्री जावेद अली खानः
श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में 25 वर्ष से कम आयु के 42 प्रतिशत भारतीय स्नातक बेरोजगार थे;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान बेरोजगार भारतीय स्नातकों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी सूचना का स्रोत क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के स्नातक व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) क्रमशः 14.9% और 13.4% थी जो स्नातक व्यक्तियों में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के स्नातक व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) **अनुबंध** में है।

*****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 14.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1365 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2021-22 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के स्नातक व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)

क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	2021-22	2022-23
1	आंध्र प्रदेश	22.8	24.0
2	अरुणाचल प्रदेश	30.1	22.6
3	असम	11.7	14.9
4	बिहार	20.0	16.6
5	छत्तीसगढ	11.8	13.3
6	दिल्ली	9.5	5.7
7	गोवा	28.1	19.2
8	गुजरात	6.1	6.0
9	हरियाणा	18.4	12.6
10	हिमाचल प्रदेश	13.1	14.8
11	झारखंड	6.9	10.4
12	कर्नाटक	12.5	9.4
13	केरल	26.9	19.8
14	मध्य प्रदेश	11.1	9.3
15	महाराष्ट्र	9.4	9.5
16	मणिपुर	21.4	8.6
17	मेघालय	10.9	14.5
18	मिजोरम	16.8	8.6
19	नागालैंड	22.3	16.2
20	ओडिशा	23.7	21.9
21	पंजाब	18.9	16.9
22	राजस्थान	22.0	23.1
23	सिक्किम	10.0	8.2
24	तमिलनाडु	18.7	16.3
25	तेलंगाना	20.0	16.6
26	त्रिपुरा	14.3	9.1
27	उत्तराखंड	20.5	13.9
28	उत्तर प्रदेश	11.3	11.0
29	पश्चिम बंगाल	9.7	7.3
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	28.1	33.0
31	चंडीगढ़	4.5	5.6
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	3.6	9.4
33	जम्मू एवं कश्मीर	22.8	18.3
34	लद्दाख	9.8	26.5
35	लक्षद्वीप	41.0	15.9
36	पुडुचेरी	13.7	21.3
अखिल भारत		**14.9**	**13.4**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई (www.mospi.gov.in)